




चित्तौड़गढ़ के मतदान केन्द्रों पर शुक्रवार को मतदान के लिए दिखा उत्साह, मतदाताओं को किया प्रोत्साहित, ढोल बजाकर मतदाताओं का किया स्वागत।

# लोकतंत्र के महोत्सव में मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

## चित्तौड़गढ़ लोकसभा में 5 बजे तक 61.81 प्रतिशत हुआ मतदान

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** लोक आम चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को हुए मतदान में लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में 5 बजे तक 61.81 प्रतिशत मतदान हुआ। 5 बजे तक विधानसभा मावली में 58.07 प्रतिशत, वल्लभनगर में 52.16 प्रतिशत, कपासन में 59.65 प्रतिशत, बेगू में 65.01 प्रतिशत, चित्तौड़गढ़ में 58.35 प्रतिशत निंबाहेड़ा में 69.72 प्रतिशत, बड़ी सादड़ी में 61.12 प्रतिशत तथा प्रतापगढ़ विधानसभा में 69.95 प्रतिशत मतदान रहा। पूरे संसदीय क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रात: 7 बजे मतदान शुरू होने के साथ शुरुआती 2 घंटे में 9 बजे तक 10.89 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके पश्चात 11 बजे तक 26.48 प्रतिशत, 1 बजे तक 40.50 प्रतिशत, 3 बजे तक 51.71 प्रतिशत एवं 5 बजे तक मतदान 61.81 प्रतिशत पर जा पहुंचा। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक



सुधीर जोशी ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का अवलोकन किया एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में मतदाताओं व मतदान कर्मियों से बातचीत कर मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहर के शहीद मेजर नटवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र का अवलोकन किया और मतदाताओं के लिए की गई विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने इसके पश्चात कीरखेड़ा मतदान केंद्र, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शहर में स्थापित मतदान केन्द्र, राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय गांधीनगर में स्थापित महिला मतदान केंद्र का भी अवलोकन किया और संबंधित बीएलओ को शेष रहे मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई है। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। साथ ही, कई मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर टीमों द्वारा मौके पर जाकर उनका तुरंत निस्तारण किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए माकूल बंदोबस्त किए गए। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही, संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी की गई है।

### मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध, लगातार मतदान के लिए किया प्रेरित

सभी मतदान केंद्रों पर बूथ अवेरनेस ग्रुप, हेला दल द्वारा ढ़ोल-बाजे के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी मतदान केन्द्रों पर गठित दलों के द्वारा बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग के साथ ही गांवों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी सहयोग किया गया। मतदान केंद्रों पर शीतल जल की प्याऊ, बैठने के लिए कुर्सी, जाजम, छाया के लिए टेन्ट, कूलर आदि की व्यवस्था उपलब्ध रही।

साथ ही, मतदान केंद्रों पर सेल्फी पॉइन्ट, मतदाता प्रमाण पत्र की व्यवस्था भी की गई। इस बार दिव्यांग बूथ, पिंक बूथ, यूथ बूथ विशेष रूप से बनाए गए। प्रारंभ में मतदान करने वाले मतदाताओं को उपहार, प्रमाण पत्र आदि भी प्रदान किए गए।

## ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बनवारी लाल कुम्हार ने आज प्रतापपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा कर्मियों की बैठक ली, जिसमें उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए अस्पताल में लू-ताप घात के आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ बनवारी लाल ने युविन पोर्टल पर सभी एएनएम को टीकाकरण सत्र ऑनलाइन आयोजित करने के निर्देश प्रदान किये । साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण, परिवार कल्याण, टीबी मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मुख्यालय पर रहकर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान प्रतापपुरा प्रभारी डॉ चंद्रशेखर मित्तल, डॉ उत्कर्ष शर्मा, डॉ बबली राम सैनी, सीएचओ रामकिशन कुम्हार, हरिमोहन मीणा सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान के साथ राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए। प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को शांतिपूर्ण मतदान के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश के मतदाताओं का आभार जताया। प्रदेश की जनता ने ''पहले मतदान फिर जलपान'' को ध्येय मानकर बढ़ चढ़कर मतदान किया। मतदान प्रतिशत को देखकर यह कहा जा सकता है कि प्रदेश की जनता ने चिलचिलाती धूप में भी मतदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जनता के इस उत्साह के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

## 67 वर्षीय इकबाल ने सबसे पहले वोट देकर मनाया लोकतंत्र का पर्व

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** भिश्ती समाज सुधार संस्थान के अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल ने शुक्रवार को सुबह 7 बजे अपने मतदान केन्द्र एमपीपीजी कॉलेज के दक्षिणी भाग में पहला मत दिया, जिसका 67 वर्षीय वरिष्ठ इकबाल ने बीएलओ 152 नीरू बाल्दी से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## बांदीकुई में सेन समाज की बैठक आज

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** सेन समाज संगठन तहसील बांदीकुई के तत्वावधान में 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से अध्यक्ष रंग लाल सेन की अध्यक्षता मे सेन बगीची बांदीकुई में सेन समाज की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। संगठन के महामंत्री ब्रज बिहारी सैन ने बताया कि बैठक में सेन जयंती समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी।

## सार-संभाल के अभाव में बर्बाद हो रहा महाराणा प्रताप पार्क

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** चाकसू में लम्बे समय की प्रतीक्षा एवं करोड़ों रूपए की लागत से विकसित किया गया महाराणा प्रताप पार्क पर्याप्त सुरक्षा, सार-संभाल के अभाव में बर्बाद होने लगा है। फुलवारी एवं हरी-भरी दूब को पानी पिलाने के लिए लगाए गए पाइप से पीतल के नोजल तक आवारा लोग उखाड़कर कर ले गए। बोरिंग का पाइप तक क्षतिग्रस्त कर डाला। सवेरे एवं सायंकाल पैदल भ्रमण करने वाले बड़े बुजुर्गो लोगों के प्रात:कालीन एवं सायंकालीन भ्रमण के लिए निर्मित फुटपाथ के दोनों तरफ फुलवारी की सुरक्षा के लिए लगाई गई ईंटे तक उखाड़ दी गई। बालकों ने क्रिकेट ग्राउंड बना डाले। नियमित पानी नहीं मिलने से हजारों रुपए खर्च करके लगाई गई हरी दूब एवं



फुलवारी सूखने लगी है। इंदिरा बाजार की तरफ से निर्मित दरवाजे से आवारा जानवरों का बे रोक-टोक आवागमन होने से चारागाह बनकर रह गया है। इनकी रोक के लिए जरुरी रोलिंग गेट तक नहीं लगाए गए।

कस्बे के वयोवृद्ध एवं जागरूक नागरिक गंगा सहाय शर्मा आनन्दीलाल शर्मा ठेकेदार राधेश्याम शर्मा सेवानिवृत्त शिक्षक रामावतार शर्मा, रामदयाल जांगिड़ सहित अनेक लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च करके जनहित में लोगों के स्वास्थ्य के लिए विकस पार्क की नियमित देखरेख एवं सुरक्षा व्यवस्था के समुचित प्रबंध जरुरी है। नवनिर्मित विधायक रामावतार बैरवा एवं वार्ड पार्षद विनोद राजोरिया, नगरपालिका के उपाध्यक्ष सीताराम गुर्जर सहित अन्य जिम्मेदार प्रतिनिधियों को इस समस्या से लोगों ने अवगत करा दिया है। विधायक का कहना था कि संबंधित अधिकारियों न चुनाव बाद उचित व्यवस्था करने का विश्वास दिलाया है।

## अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक एवं लैब संचालक के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड में अवैध रूप से संचालित सभी निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं निदेशक जन स्वास्थ्य द्वारा जारी किए गए आदेशों की अनुपालना में जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर पर टीम गठित की जाकर उपरोक्त अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं लैब संचालक की जांच की जाएगी तथा बिना डिग्री डिप्लोमा एवं क्लीनिकल एक्ट में बिना पंजीकृत करवाएं क्लीनिक एवं लैब संचालित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क्लीनिकल एक्ट 2010 के तहत कार्रवाई की जाएगी। डॉ. शेखावत ने बताया कि क्लीनिक के संचालन हेतु क्लीनिकल एक्ट में रजिस्ट्रेशन अतिआवश्यक है। जिसके तहत क्लीनिक से संबंधित दस्तावेज की जांच की जाती है। पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में संचालित सभी क्लीनिक एवं लैब से संबंधित रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक डिग्री डिप्लोमा तथा आवश्यक समस्त दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में 2 मई से जमा करवाये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया है।


NAME CHANGE

I HAVE CHANGE MY NAME LUCKY KUMAR SINDHI TO LAKKI KUMAR FOR ALL PUR-POSSES ADD VILL HANUTIYA JALIYA II PO-MASUDA TEH-BIJAINAGAR AJMER RAJASTHAN

I HAVE CHANGE MY NAME ROHIT KUMAR JAIN TO ROHIT JAIN FOR ALL PURPOSSES ADD 21 GANESH VIHAR OPP AMBE HOSPITAL NIWARU JHOTWARA JAIPUR pin 302012 RAJASTHAN

I HAVE CHANGED MY NAME FROM HITESH NAGAR TO HITESH YAGNIK FOR ALL FUTURE PURPOSE ADD. PLOT NO 75, ROYAL-CELEBRITY HOMES VILL JAISINGHPURA BAS BHANKROTA JAIPUR, RAJASTHAN-302026

We Have Changed Our Daughter Name Samriddhi To Samridhi Gupta For All Future Purpose Varun Gupta (Father) Mithilesh Gupta (Mother) Address 475 Danta Nagar Ward No 52 Ajmer Raj 305001

I Have Changed My Name Gulafsha To Gulafasha For All Future Purpose Address 30 Panch Batti Sahid Abdul Hamid Nagar Jaipur Raj 302001

I Have Changed My Name From Rajendra To New Name Rajendra Kumar For All Purposes R/O Jakharo Ki Dhani Vpo Majhau Teh Gudhagorji Dist Jhunjhunu

I Have Changed My Name From Shakeel Ahmed To New Name Mohammed Shakil For All Proposes R/0 Ward No 24 Badi Masjid Mohalla Bisaytiyan Sikar Raj

I Have Changed My Name From Ahesham Ali To New Name Ahasan Ali For All Proposes R/0 Ward No 36 Bisaytiyan Mohalla Devipura Road Sikar Raj

I Have Changed My Name From Sarif Khan To New Name Mohammed Sarif For All Proposes R/0 Ward No 24 Mohalla Karigaran Sikar Raj

I Have Changed My Name From Alhamado Banu To New Name Alhamdoo Bano For All Proposes R/0 VPO Shahriya Bass Ladnun Nagaur Raj


## पृष्ठ एक का शेष...

### राजस्थान में 13....

रविंद्र सिंह भाटी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थक भिड़ गए। इस दौरान बायतु विधायक हरीश चौधरी और आईजी विकास कुमार के बीच नोक-झोंक हो गई। टोंक-सवाईमाधोपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने फर्जी मतदान को लेकर हंगामा किया। वहीं जोधपुर के पीपाड़ में पोलिंग बूथ का वीडियो बना रहे कॉन्स्टेबल को लोगों ने पीटा। पाली में दो घंटे तक ईवीएम बंद हो गई, जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, भीलवाड़ा के पुर कस्बे में वोट डालने पहुंचे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। प्रतापगढ़ में नाव में बैठकर मतदाता वोट डालने पहुंचे। दूसरे चरण में गजेंद्र सिंह शेखावत, ओम बिरला, कैलाश चौधरी, सीपी जोशी सहित कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला हुआ। बाड़मेर, बांसवाड़ा की सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला। वहीं, कोटा में गुंजल-बिरला भी जीत के दावे कर रहे हैं।

### दूल्हा-दुल्हन...

कक्ष के बाहर ही चप्पलें उतार दीं। गंगा देवी ने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर भी है और लोकतंत्र का भी। चप्पल लेकर इसमें कैसे जाती। बांसवाड़ा में भी एक परिवार ने अपने सदस्य का दाह संस्कार किया और पूरा परिवार वोट डालने पहुंच गया।

कोटा में मतदान के दौरान अचानक मौसम बदला और तेज हवा ने टेंट को हिला दिया। ऐसे में पोलिंग पार्टी के कर्मचारी ने तब तक पोल को कसकर पकड़े रखा, जब तक हवा शांत न हो गई। सबसे ऊंचे बूथ पर वोटिंग करते वोटर्स की कतारें, नाव में सवार होकर बूथ तक पहुंचने की मशक्कत, दूल्हा-दुल्हनों, नाचते-गाते वोट डालने जाते थर्ड जेंटर के दलों और पोलिंग बूथ पर डांस करते लोक कलाकारों की तस्वीरों ने भी ध्यान खींचा।

### दूसरे फेज में...

फेज में चुनाव की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज के बाद 5 फेज की वोटिंग 1 जून तक खत्म होगी। इसके बाद 4 जून को रिजल्ट की घोषणा होगी।

### किसी विधायक-सांसद...

एक लाइन में समझ जाइए। राजस्थान में जहां तक मैं जानकारी रखता हूं, किसी भी एमएलए एमपी के कभी भी टेलीफोन टैप नहीं हुए होंगे, ना होते हैं। बीजेपी भी नहीं करती होगी, क्योंकि अधिकारी भी तो कानून से चलते हैं।

कभी कानून यह नहीं कहता कि उनके टेलीफोन टैप करो। गहलोत ने कहा कि हमारे वक्त में किसी भी विधायक-सांसद का फोन टैप नहीं हुआ। जिसने कहा है उस पर कोई कमेंट नहीं करना चाहता हूं। इतना ही कहूंगा हमारे वक्त में कोई षड्यंत्र नहीं हुआ।

### प्रदेश में...

कार्यालय में सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी टीमों के सदस्यों से मुलाकात करके उनसे चुनाव का फीडबैक लिया। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय संगठक वी सतीश भी मौजूद रहे। दरअसल बीजेपी में प्रदेश संगठन मंत्री चंद्रशेखर के जाने के बाद से ही यह पद खाली पड़ा है।

### जमानत रद्द...

रोक लगा दी थी। अब आरोपी हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। आरोपियों की ओर से कहा गया कि उनके रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे। हाईकोर्ट ने गलत तरीके से आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है।

### भजनलाल ने...

किया। दरअसल, सीएम भजनलाल अभी ओटीएस में बनाए गए अस्थायी मुख्यमंत्री आवास में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वे कुछ समय तक विद्युत विभाग के गेस्ट हाउस में भी रहे थे। मुख्यमंत्री ने गणेश स्थापना की। इसके बाद सीएम भजनलाल सभी पंडितों और ज्योतिषाचार्यों की आवभगत करते दिखे। उन्होंने सभी को भोजन परोसा। इस दौरान हवामहल विधायक और हाथोज धाम के महंत बालमुकुंद आचार्य मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट...

एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।

### नोटा को...

लिए तैयार हो गई है। सूरत में 22 अप्रैल को बीजेपी कैंडिडेट मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत के संदर्भ में याचिका दायर की गई है। दरअसल, यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और दस्तखत में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस कैंडिडेट समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे।

### फलाहारी बाबा...

करते हुए यह आदेश दिए हैं। फलाहारी बाबा की पैरोल एप्लिकेशन को पैरोल सलाहकार समिति ने जिला पुलिस अधीक्षक अलवर की रिपोर्ट के आधार पर खारिज कर दिया था। इसके बाद फलहारी ने अपनी पहली पैरोल याचिका हाईकोर्ट के सामने लगाई थी।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट के संबंध में कोई दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं किए। वहीं आरोपी पिछले 7 साल से जेल में बंद है। ऐसे में वह अपनी पहली पैरोल पाने का अधिकार रखता हैं।